
हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 जून 2024

तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

13 नशा तस्करों पर शिकंजा, इस साल अब तक 76 काबू



14 केमिकल में ब्लास्ट में दो कर्मचारियों की मौत



# गांधी कैंप से रेलवे लाइन उठाने का काम शुरू

## लोगों ने खुशी में बांटी मिठाई और पटाखे छोड़े

■ अब सड़क बनाने का काम शुरू होगा, विकास को मिलेगी रफ्तार

**रोहतक।** शहर से गोहाना पानीपत रेलवे ट्रैक की पुरानी लाइन को उठाने का काम शुरू हो गया है। पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों और गांधी कैंप इलाके के मौजिज लोगों की मौजूदगी में इसकी शुरुआत गांधी कैंप इलाके से हुई। लोगों ने पटाखे छोड़े और मिठाई बाटकर खुशी का इजहार किया। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि अब गांधी कैंप इलाके में विकास की रफ्तार ओर तेज होगी।

लोगों से जो वादे किए थे, भाजपा की सरकार पूरे कर रही है। रेलवे विभाग और लोक निर्माण विभाग से तमाम औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ठेकेदार ने बुधवार को रेलवे लाइन उठाने का काम शुरू किया। रेलवे लाइन उठाने के साथ ही सड़क का काम भी चालू कर दिया जाएगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह प्रोजेक्ट इस इलाके के लोगों को नई पहचान देगा। अब लोगों का आवागमन बेहतर होगा और गांधी कैंप के बाजार और रिहायशी इलाकों की गलियां सड़क से मिल जाएंगी। राज्य की भाजपा सरकार ने लोगों के समक्ष जो कहा, उसे पूरा करने का काम किया है। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि विपक्ष अंबेडकर चौक से लेकर पुराना बस स्टैंड तक बनाए गए फ्लाईओवर को रोहतक के लिए कैंसर बताता था और आज वह मिल का पत्थर साबित हो रहा है।



### 15 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

सड़क का निर्माण करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा, जिसमें पानी निकासी के लिए नाले का निर्माण भी होगा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कहा कि सड़क का निर्माण भी जल्द शुरू कर दें ताकि इसका लोगों को पूरा लाभ हो।




## लार्वा मिलने पर अब तक 1000 लोगों को नोटिस



**रोहतक।** जिला स्वास्थ्य विभाग में जिले में एंटी मलेरिया मंथ के दौरान घर में लार्वा मिलने पर अब तक एक हजार लोगों को नोटिस थमाए। गौरतलब है कि सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला व उप सिविल सर्जन डॉ. मंजू मेहरा के नेतृत्व में चल रहे अभियान के तहत टीमें ने घर-घर जाकर जांच कर रही है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला ने बताया कि इस दौरान जिले के सभी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियो को आदेश दिए गए हैं कि वो अपने अधीनस्थ आने वाले सभी एरिया सुपरवाइजर को आदेश दें कि वो स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर घर-घर जाकर बुखार के मरीजो को खोजें और उनकी ब्लड स्लाइड बनवाएं।









**खबर संक्षेप**

### योग करने के फायदे बताए

**रोहतक।** दा आर्यन ग्लोबल विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ वीरवार को किया गया। इस शिविर में 25 बच्चों तथा अध्यापकों ने बढ़-चढ़ के भाग लिया। योग प्रशिक्षक दुर्गा देवी ने योगाभ्यास करवाया। साथ ही उन्होंने योग का महत्व बताया और अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने की बात कही।

### हरज्ञान मोखरा ने किया शेड का उद्घाटन

**महम।** जेजेपी के प्रदेश महासचिव हरज्ञान मोखरा ने मोखरा गांव के पार्क में नवनिर्मित शेड का रीबन काटकर उद्घाटन किया। हरज्ञान मोखरा ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और भारत रसायन फैक्टरी के सहयोग से यह शेड बनाया गया है। इस शेड के निर्माण पर 18 लाख रुपए खर्च हुए हैं। इस शेड के निर्माण से मोखरा के लोगों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने इसके लिए पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व जजपा प्रदेश महासचिव हरज्ञान मोखरा का आभार जताया है।

### सुभाष रोड से मालगोदाम रोड तक हो नालों की सफाई

**रोहतक।** मानसून आगमन को देखते हुए नगर निगम ने नालों की सफाई का कार्य तेज कर दिया है। टीम ने बृहस्पतिवार को सुभाष रोड, छोटूराम चौक से गोहाना अड्डा, झज्जर चुंगी से सुनारियां चौक, सुनारियां चौक से भगत बालचन्द चौक, गोहाना रोड, गौकर्ण, खेड़ी साध गांव, कच्चा बेरी रोड, माल गोदाम रोड आदि स्थानों के नालों की सफाई करवाई गई। 30 जून से पहले 40 नालों की सफाई का कार्य पूरा किया जाना है। निगम की तरफ से चार टीमें काम कर रही हैं। इसके अलावा 49 लाख की लागत से टेंडर दिया गया है।

### जसबीर योगाचार्य ने बताए गर्मी से राहत के उपाय

**रोहतक।** अध्यात्म योग संस्थान हरियाणा द्वारा आयोजित पंच दिवसीय योग शिविर में वीरवार को जयबीर योगाचार्य ने कहा कि शीतली प्राणायाम, सीत्कारी प्राणायाम एवं चंद्रभेदी को करने से गर्मी से राहत, उच्चरक्तचाप (बीपी हाई ), तनाव, क्रोध व फोड़े, फुंसियों आदि दूर करने में कारगर सिद्ध होते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर निशुल्क लगाया जा रहा है।

# फीस बढ़ोतरी पर छात्र आंदोलन से पीछे हटने को तैयार नहीं

- मदवि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत नए पाठ्यक्रमों की फीस हाल ही में की है निर्धारित

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों की फीस में पिछले दिनों पांच गुना तक की बढ़ोतरी कर दी गई। छात्रों ने इसके खिलाफ कई दिन तक आंदोलन किया। इसके बाद तय हुआ कि 20 जून को इस मुद्दे को लेकर यूनिवर्सिटी प्रशासन और तकरीबन 12 छात्र संगठन प्रतिनिधियों की मीटिंग होगी। जिसमें सर्वमान्य हल निकाल लिया जाएगा। वीरवार को स्वराज सदन में दोपहर बाद चार बजे से लेकर शाम को करीब साढ़े छह बजे तक बैठक हुई। लेकिन इसमें कोई सहमति नहीं बनी। सहमति पहली मीटिंग में न बनें, ये कोई खास बात नहीं है। लेकिन खास तो ये है कि छात्रों को ये तक नहीं बताया गया कि अगली बैठक कब होगी। एक संगठन ने बैठक का बहिष्कार भी कर दिया। विद्यार्थी संगठनों को ये आश्वासन जरूर दिया गया कि फीस में कमी कर दी जाएगी। जबकि छात्र संगठन इस बात पर अड़े हैं कि शिक्षा सत्र 2023-24 में जो फीस थी, उसके मुताबिक ही दाखिला फीस ली जाए। आश्वासन फीस कम करने का दिया गया है कि ये नहीं कहा गया कि पिछले साल वाली फीस ली जाएगी। यानि के इस बार छात्रों के अभिभावकों को अपनी जेब बहुत ज्यादा ढीली करनी पड़ेगी। वीरवार की मीटिंग में वे छात्र संगठन भी शामिल हुए, जिनका पिछले दिनों फीस बढ़ोतरी के खिलाफ चलाए गए आंदोलन में कोई योगदान नहीं था। बैठक में शामिल रहे एक छात्र नेता नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि प्रशासन ने उन छात्रों को मीटिंग में शामिल कर लिया, जिनका आंदोलन से कोई वास्ता ही नहीं रहा है। छात्र नेता ने बताया कि आंदोलन से संबंध न रखने वाले छात्रों को जान बूझकर मीटिंग का हिस्सा बनाया गया था। ताकि मीटिंग में विश्वविद्यालय प्रशासन अपने को मजबूत पक्ष बनाए रख सके।

## एक संगठन ने किया मीटिंग का बहिष्कार, छात्र यूनियन कर रही हैं लगातार विरोध

### चंडीगढ़ पहुंचा मामला

बताया ये भी जा रहा है कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) द्वारा विभिन्न संकायों व पाठ्यक्रमों में बढ़ाई गई फीस वापस हो सकती है। राज्य की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने वीरवार को फीस बढ़ोतरी को पूरी तरह से गलत ठहराया है। फीस बढ़ोतरी का विपक्ष विरोध कर रहा है। विद्यार्थियों द्वारा भी आंदोलन किया जा रहा है। सीएम नायब सैनी के नोटिस में भी यह मामला आ चुका है। उन्होंने इस पर संज्ञान लिया है कि सरकार फीस बढ़ोतरी के फैसले को वापस ले सकती है। बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा, 'एमडीयू में फीस बढ़ोतरी को मैं पूरी तरह से गलत मानती हूं। अगर फीस बढ़ानी भी है तो उसके लिए काउंसिल होनी चाहिए। उसमें चर्चा होनी चाहिए। सर्वसम्मति से फैसला होने के बाद ही इस पर निर्णय हो। ऐसा नहीं होना चाहिए कि ऐसे ही फीस बढ़ा दें।



### ये है नया फीस स्ट्रक्चर

छात्र नेता दीपक धनखड़ बताते हैं कि बीकॉम कोर्स की पहले फीस 8592 रुपए थी, जो अब बढ़कर 40660 रुपए कर दी गई है। बीए की फीस 8522 रुपए थी जो अब 30660 रुपए, बीबीए, बीसीए और बीटीटीएम की पिछले साल फीस 43692 रुपए थी, जो अब बढ़कर 61650 रुपए हो गई। धनखड़ ने कहा कि फीस बढ़ोतरी को लेकर आंदोलन जारी है। जब तक बढ़ोतरी के आदेश एमडीयू वापस नहीं करेगी, तब तक हम सड़कों पर उतरते रहेंगे। मीटिंग के बाद एक छात्र नेता और कहते हैं कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपने खर्चे कम नहीं करता है और इसका बोझ फीस बढ़ाकर छात्रों के अभिभावकों पर डाल दिया जाता है। छात्र नेता ने कहा कि सरकारी यूनिवर्सिटी में कर्ज में डूबोकर सरकार इसे पूंजीपतियों के हाथों में बेच देगी और सरकार इस ओर ही लगातार कदम बढ़ा रही है।

## महिला आईटीआई में 248 सीट पर अब तक 600 आवेदन

# आईटीआई में दाखिलों के लिए आवेदन का आज अंतिम दिन



### 22 जून को बंद हो जाएगा पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग आईटीआई में दाखिला प्रक्रिया लगातार जारी है। आज आवेदन की अंतिम तारीख है, उसके बाद दाखिला प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। राजकीय आईटीआई महिला विंग रोहतक में कॉस्मैटोलोजी ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी, सिविंग टेक्नोलॉजी, एंब्रॉयडरी, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, स्टैनो हिंदी एवं कोपा, व्यवसाय में लगभग 248 छात्राओं का दाखिला होगा। दाखिला कमेटी के नोडल अधिकारी प्रवीण देशवाल ने बताया कि छात्राओं द्वारा संस्थान में दाखिला लेने के लिए काफी रुझान आ रहे हैं, अब तक लगभग 600 फॉर्म जमा हो चुके हैं। संस्थान प्रधानाचार्य नरगेश्वरी देवी ने बताया कि संस्थान में दाखिले के लिए प्रवीण देशवाल वर्ग अनुदेशक को दाखिला कमेटी का नोडल अधिकारी बनाया गया है एवं उनके साथ अन्य कर्मचारियों की भी ड्यूटी भी है। दूसरी ओर सांपला आईटीआई में 650 सीट पर अब तक 700 आवेदन आए हैं।

### हेल्प डेस्क लगाए गए हैं

छात्राओं की सुविधा के लिए राजकीय आईटीआई एवं सैनिक परिवार भवन में निशुल्क फॉर्म भरने के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए हैं। कोई भी छात्रा सुबह 9 बजे से लेकर 5 बजे तक दाखिला संबंधी जानकारी लेने के लिए संस्थान में आ सकते हैं। आवेदन करने वाली छात्राएं अपने साथ आवश्यक दस्तावेज जैसे उनकी शैक्षणिक योग्यता की सभी सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, फैमिली आईडी, रेजिडेंट सर्टिफिकेट, इनकम सर्टिफिकेट, जाति प्रमाण पत्र, अगर किसी छात्रा के पिता नहीं है तो उनकी मृत्यु का प्रमाण पत्र, मेल आईडी, मोबाइल नंबर, पासपोर्ट साइज फोटो एवं बैंक की पासबुक आदि अपने साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया सैकड़ों छात्राएं दाखिले से संबंधित जानकारी के लिए आ रही हैं और अनेकों छात्राओं ने अपने ऑनलाइन फॉर्म जमा करवा दिए हैं।

## महम आईटीआई की 660 सीटों पर 2 हजार विद्यार्थियों ने किया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिलों की प्रक्रिया चल रही है। शुक्रवार को ऑन लाइन आवेदन का अंतिम दिन है। यदि गर्वनमेंट आईटीआई महम की बात करें, तो यहां पर 21 ट्रेड हैं। आईटीआई में प्रशिक्षण के लिए 660 सीट निर्धारित हैं। इन सीटों पर अब तक 2000 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। प्रिंसिपल राजेंद्र कुमार ने बताया कि महम आईटीआई प्रदेश के टॉप संस्थानों में से एक है। क्योंकि यहां पर बिल्डिंग, मशीनरी और फैकल्टी की कोई कमी नहीं है। पहले कुछ शिक्षकों के पद खाली थे। लेकिन इस बार वे सभी रिक्त पद भरे गए हैं। पांच ट्रेड के लिए तो ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग लागू किया गया है। एक साल संस्थान में पढ़ाया जाएगा। दूसरे वर्ष फैक्टरियों में ले जाकर प्रेक्टिकल काम करवाया जाएगा।

### फरमाणा आईटीआई की तरफ बच्चों का रुझान कम

प्रदेश सरकार द्वारा फरमाणा गांव में सैमाण रोड पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शुरू किया गया है। इस संस्थान में कुल 9 ट्रेड हैं। इन ट्रेड्स में कुल 320 सीट हैं। लेकिन अब तक महज 202 विद्यार्थियों ने ही इस संस्थान में दाखिले के लिए ऑन लाइन आवेदन किया है। प्रिंसिपल सुरेश कुमार अहलावत ने बताया कि उनके संस्थान में फीटर, टर्नर, इलेक्ट्रिशियन, मशिनिस्ट, कोपा, प्लंबर, वेल्डर, आरएसी, ड्राफ्समैन, मकैनिकल व टर्नर ट्रेड का प्रशिक्षण दिया जाता है। टर्नर ट्रेड में दो यूनिट हैं, जबकि बाकि कोर्सेज में एक एक युनिट हैं।



राहतक। साधकों को योगाभ्यास करवाते हुए योग गुरु सरदार हवा सिंह सैनी ।

### योग करने से शरीर रहता है स्वस्थ

**रोहतक।** सेठ श्री बिमल प्रसाद जैन की याद में शहीद महावीर पार्क जनता कॉलोनी में चल रहे निशुल्क योग शिविर के दौरान योग गुरु सरदार हवा सिंह सैनी ने साधकों को योगाभ्यास करवाया। साथ ही योग करने के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। हर व्यक्ति को योग जरूर करना चाहिए। उन्होंने बताया कि शिविर 21 जून तक चलेगा।

## मीठे पानी की छबील लगाई



**रोहतक।** एलपीएस बोसार्ड व यूपीएस लक्ष्मी द्वारा सिविल रोड स्थित महावीर डिजिटल लाईब्रेरी के बाहर मीठे पानी की छबील लगाई। मीडिया प्रभारी कपिल ने बताया कि राजीव जैन एवं सेवादारों ने आने जाने वाले राहगिरों को मीठा पानी पिलाया। यह छबील एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन की अध्यक्षता में लगाई गई। उन्होंने ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए मीठे पानी की छबील लगाई गई है। इस अवसर पर अनिल पंडित, कमलजीत बाबा, शमशेर सिंह, राजीव जैन, सन्नी निझावन, रामदिया, सेवाराम, नरेश, दिलबाग, महेश, हिमांशु, साहिल, अजय, पवन मिश्रा, पुनीत खट्टर, सुशील, दिनेश आदि उपस्थित रहे।

## नपा कर्मचारी संघ ने प्रदर्शन कर सीएम को ज्ञापन भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार को शहर में प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व जिला प्रधान संजय बिडलान ने किया। उन्होंने लघु सचिवालय पहुंच कर मांगों को पूरा करवाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार बंसीलाल को सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया है कि संघ व सरकार के बीच 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को समझौता हुआ था। जिन्हें लागू नहीं करवाया गया। सरकार द्वारा वर्ष 2014 के चुनावी घोषणा पत्र में सफाई व सीवर कर्मचारियों का ठेका प्रथा समाप्त करने सफाई व सीवर कर्मचारियों की नियमित भर्ती करने तथा अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का वायदा भी किया था लेकिन 10 वर्षों में एक भी सफाई व सीवर कर्मचारियों की भर्ती नहीं की गई है। 4 फरवरी 2024 को 78 सीवर मैन व 4298 सफाई कर्मचारियों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रकिया के माध्यग से पहले से लगे अनुबन्धित सफाई व सीवर कर्मचारियों को नियमित करने का आश्वासन मिला था, जिसे पूरा नहीं किया गया। गुरूग्राम में 20 सितम्बर 2023 को 3480 कर्मचारियों की छंटनी कर दी गई जबकि 946 कर्मचारी 6 सितम्बर 2019 के पत्र के अनुसार रोल पर किये जाने थे। 2534 कर्मचारी 30 जून 2022 के पत्र के अनुसार हरियाणा कौशल रोजगार निगम पर शामिल किए जाने थे। सभी 3480 कर्मचारी रान 2020 से 19 सितम्बर 2023 तक मैन पावर के ठेकों पर कार्य रहे थे, लेकिन सरकार ने इन सभी ठेकों को रामाप्त कर वर्क आउटसोर्स का ठेका कर दिया।

## राज सिंह नांदल पैनल ने जीत के लिए झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राज सिंह नांदल

उत्तर भारत की प्रसिद्ध जाट एजुकेशन सोसाइटी के चुनाव की सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। 23 जून को होने वाले चुनाव में सभी उम्मीदवार दिन रात एक किए हुए हैं। कॉलेजियम के 105 निर्वाचित सदस्य अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। मुख्य रूप से प्रधान पद हेतु जाट एजुकेशन सोसाइटी के दो बार प्रधान रह चुके राज सिंह नांदल को सशक्त दावेदार माना जा रहा है। बोहर गांव उनके पैतृक गांव होने का उन्हें लाभ मिल रहा है। उनके पिछले कार्यकाल में संस्था ने अभूतपूर्व उन्नति और प्रगति की थी। उनकी साफ छवि एवं व्यवहार कुशलता के चलते उनकी समाज में काफी प्रतिष्ठा है। उनका प्रशासनिक अनुभव भी उनके लिए काफी फलदायी साबित हो रहा है। जाट कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. ईश्वर सिंह दलाल का मानना है कि राज सिंह नांदल एक सुलझे हुए दूरदर्शी व्यक्ति हैं। वे सदैव संस्था की उन्नति और प्रगति के लिए प्रयासरत रहे। उनके कार्यकाल में संस्थाओं को काफी विस्तार मिला। वे सभी को साथ लेकर चलने वाले सहनशील एवं मृदुभाषी व्यक्ति हैं। ऐसे व्यक्ति को संस्थाओं का नेतृत्व दिया जाना सही कदम होगा। कॉलेजियम के निर्वाचित सदस्य बलराज सिंह नांदल का मानना है कि राज सिंह नांदल समाज के योग्य, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। हमेशा समाज के कामों में हरसंभव सहयोग करते हैं। इससे पहले भी संस्था के दो बार प्रधान रह चुके हैं। ऐसे व्यक्ति ही संस्था और समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। राज सिंह नांदल के पैनल में उनके साथ महासचिव पद के लिए एडवोकेट जगजीत सिंह, उपाध्यक्ष पद के लिए चंद्रभान एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए दिनेश, सभी समाज के सम्मानित, योग्य एवं अनुभवी व्यक्ति हैं। इसी कारण समाज में उन्हें विजय होने का आशीर्वाद दिया है। संस्था के निर्वाचित कॉलेजियम सदस्य एवं कबूलपुर के पूर्व सरपंच कृष्ण नंबरदार का मानना है कि राज सिंह नांदल का पैनल सभी पर भारी पड़ रहा है। इससे पहले भी वह दो बार संस्थाओं का सफल नेतृत्व कर चुके हैं।

## दिख रहा शिविर का असर, होने लगा शिकायतों का समाधान
## आदर्श नगर और विशाल नगर में पेयजल की समस्या दूर

- 113 शिकायतें आई, 51 पीपीपी से संबंधित थी, अब होने लगा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे शिविरों मे जो शिकायतें आ रही हैं, अब उनका समाधान भी होने लगा है। अधिकारी फीडबैक ले रहे हैं और लोगों द्वारा संतुष्टि भी जताई जा रही है। विशाल नगर और आदर्श नगर में पेयजल की समस्या का समाधान किया जा चुका है। वहीं बृहस्पतिवार को समाधान शिविर के 8वें दिन जिला में कुल 113 शिकायतें प्रशासन के पास पहुंची। इन शिकायतों में अधिकतर 51 शिकायतें पीपीपी में त्रुटि ठीक करवाने बारे, 21 शिकायतें प्रॉपर्टी आईडी में संशोधन और 11 शिकायतें जनस्वास्थ्य विभाग से संबंधित रही। उपायुक्त अजय कुमार ने अधिकारियों को निपटान के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जनता की समस्याओं के निपटान के लिए समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में बिजली निगम से संबंधित 5, सीईओ जिला परिषद व डीआरओ से संबंधित 4-4, पुलिस विभाग, डीएसडब्ल्यूओ से संबंधित 3-3, डीएमसीएससी व डीडीपीओ से संबंधित 2 तथा डीएसवीपी, डीएचईओ, नगराधीश, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, जीएम रोडवेज, सीएमओ, डीएफएसई तथा एसडीओ सिविल महम से संबंधत एक-एक शिकायतें आई। मौके पर ही विभागध्यक्षों द्वारा 5 शिकायतों का निवारण तुरंत कर दिया गया, जबकि अन्य शिकायतों को विभागध्यक्षों को नियमानुसार निर्धारित समयावधि के अंदर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। शिविर में पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह मलिक, नगराधीश अंकित कुमार, डीआईओ डॉ. जितेंद्र मलिक, डीडीपीओ राजपाल चहल, डीआरओ कनब लाकड़ा, एक्सईएन जनस्वास्थ्य विभाग तरुण गर्ग, उप सिविल सर्जन डॉ. सुनीता सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सूचना

मैं, रणधीर सिंह पुत्र श्री मनोहर लाल निवासी मकान नंबर 456/21 हैफेड रोड़, निकट खाद आश्रम सुखपुरा रोहतक हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा लड़का अरुण व पुत्रवधु हिना दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर हैं, जिस कारण मैं इन दोनों को अपनी तमाम चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे कोई भी लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा या मेरे परिवार का अन्य कोई भी व्यक्ति इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

### सूचना

हम, सत्यवान पुत्र श्री राजकुमार व सन्तोष पत्नी श्री सत्यवान निवासी मकान नं. 1314/20 अमृत कालोनी, रोहतक बयान करते हैं कि हमारा पुत्र मोहित व पुत्रवधु श्रीमती दीक्षा खन्ना हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# एमबीबीएस स्टूडेंट बोले, नीट परीक्षार्थियों का दर्द हमसे बेहतर कौन समझेगा, काउंसलिंग पर रोक लगे, दोबारा हो परीक्षा

- विद्यार्थियों और इंटर्न्स ने प्रदर्शन किया, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को एक ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस के एमबीबीएस विद्यार्थियों और इंटर्नस ने बृहस्पतिवार को नीट (यूजी) 2024 परीक्षा में हर रोज सामने आ रही रही धांधली के विरोध में निदेशक कार्यालय के बाहर डीन पार्क में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने बताया कि चूंकि वे खुद कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद इस परीक्षा में सफलता पाकर मेडिकल कॉलेज तक पहुंचे हैं, इसलिए उनसे बेहतर नीट परीक्षार्थियों का दर्द शायद ही कोई समझ सकता है।




**रोहतक।** निदेशक कार्यालय के बाहर डीन पार्क में एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए पीजीआईएमएस के एमबीबीएस विद्यार्थी और इंटर्नस।

एमबीबीएस तृतीय वर्ष की छात्रा भारती ने बताया कि एक तरफ माननीय उच्चतम न्यायलय विद्यार्थियों को संयम बनाए रखने की सलाह दे रहा है, दूसरी तरफ 6 जुलाई से शुरू होने वाली काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई जा रही। ऐसे में विद्यार्थी कैसे संयम रखें। माननीय न्यायालय को तुरंत काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगानी चाहिए। विद्यार्थियों ने पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसएस लोहचाब के मध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को एक ज्ञापन सौंपा है।

### छात्र बता रहे एक दिन पहले पेपर मिला

विद्यार्थियों ने बताया कि जब खुद बिहार और गोधरा पुलिस के अनुसार पेपर लीक में शामिल अभ्यर्थी ही यह बयान दे रहे हैं की उन्हें एक दिन पहले पेपर मिला था तो केंद्र सरकार को और क्या सबूत चाहिए। विद्यार्थियों ने बताया कि हाल ही में 18 जून को आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा में भी गड़बड़ी पाए जाने के बाद परीक्षा रद किया जाना दर्शाता है कि इस एजेंसी की परीक्षा प्रणाली में ही कोई समस्या है।

### स्वास्थ्य सेवाओं के लिए घातकः प्रिया कौशिक

एमबीबीएस फाइनल वर्ष की छात्रा प्रिया कौशिक ने बताया कि इस बार बड़ी खामियां नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा में देखने को मिल रही हैं। इससे देश के लाखों युवाओं का भरोसा इस परीक्षा से उठा है, जो आने वाले समय में देश की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए घातक है।

### संज्ञान लें प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्रीः पंकज

एमबीबीएस इंटर्न पंकज बिट्टू ने बताया कि यह कोई रूटीन मामला नहीं है, देश के भविष्य से जुड़ा है। इस मामले पर प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और को प्राथमिकता से संज्ञान लेकर परीक्षा दोबारा कराई जानी चाहिए। पेपर लीक की घटनाओं की सीबीआई जांच होनी चाहिए।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR 2
CHEMIST SHOP STAFF 2
PHARMACY BILLING STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE




निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

# डिस्पोजल केमिकल ब्लास्ट में दो कर्मियों की मौत बिजली गुल होने पर बढ़ा था कमरे का तापमान

## सुबह परिजनों, सह कर्मियों ने पुलिस की मदद से निकाला, निकालने वाले कर्मचारी भी हुए बेहोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड पर वीटा प्लांट के पास स्थित पीरबोदी डिस्पोजल में बुधवार रात हादसे में हुई दो कर्मचारियों की मौत ने सभी को दहला दिया है। यह हादसा करीब 400 लीटर पैराडाक्स केमिकल में ब्लास्ट होने से हुआ। यह केमिकल सीवर लाइन रिपेयर के काम आता है। ब्लास्ट के पीछे बिजली कट लगना कारण माना गया है। करीब एक घंटे तक बिजली जाने की वजह से कमरे में तापमान बढ़ गया। जबकि इस कैमिकल को जहां रखा जाता है वहां का तापमान, 30 डिग्री सेल्सियस से कम होना चाहिए। इस कमरे में भी 24 घंटे एसी चलता था। लेकिन बिजली जाने पर तापमान बढ़ गया और जनरेटर भी नहीं था। बिजली आने पर दोबारा एसी चलाया गया तो तापमान कम नहीं हुआ और कमरे में रखे कैमिकल में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट के साथ ही बेहोश करने वाली गैस और धुआं फैल गया, जिसकी वजह से कर्मचारियों को रात भर सम्भाल भी नहीं पाए। सुबह परिजनों और पुलिस की मौजूदगी में दोनों युवकों को बाहर निकाला गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक किसी पक्ष के खिलाफ एफआईआर नहीं की गई है। एक निजी कंपनी के पास सीवर लाइन डालने का काम है, जिसमें यह कैमिकल प्रयोग होता है। जानकारी के अनुसार, नई सीवर लाइन डालने के लिए निजी कंपनी को करीब पौने पांच करोड़ का सीवर लाइन रिपेयर का ठेका दिया गया है। ठेकेदार प्रतीक निवासी मालवीय नगर दिल्ली है। जिसके पास ही बिहार के कटिहार निवासी प्रेमनाथ और उत्तर प्रदेश के निवासी कासगंज का धर्मबीर काम करते थे। डिस्पोजल में ही मिले एक कमरे में ठेकेदार ने करीब 400 लीटर केमिकल रखवाया हुआ था। उन्हें 30 डिग्री से नीचे के तापमान पर रखने के लिए एसी लगाया गया था, जो 24 घंटे चलता रहता है।







फाइल फोटो प्रेमनाथ



यहां रुके थे कर्मचारी



फाइल फोटो धर्मबीर



### मौत खींच ले गई कमरे में

धर्मबीर और प्रेमनाथ आमतौर पर अपनी झोपड़ी में रहते थे। बीती रात को काम करने के बाद उन्हें ज्यादा गर्मी लगी और वह एसी की वजह से इस कमरे में सोने चले गए। उन्हें नहीं पता था कि यह उनकी आखिरी रात होगी। करीब साढ़े 12 बजे के बाद अचानक तेज धमाका हो गया जिससे गैस और बदबू दूर तक फैल गई। दोनों कर्मचारी जान बचाने के लिए शोर मचाते रहे लेकिन उनको कोई मदद नहीं मिल पाई। पास ही दूसरे कमरे में सो रहे आपरेटर धुए की वजह से उनकी कोई मदद नहीं कर पाए। कई कर्मचारी गैस की चपेट में आने से बेहोश हो गए।

### पुलिस को तीन धंटे बाद दी सूचना

रात को हुए हादसे के करीब तीन घंटे बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस का कहना है कि सुबह करीब चार बजे डायल 112 से उन्हें हादसे की जानकारी मिली। सुखपुरा चौकी प्रभारी सन्नी कुमार, एचसी अमित कुमार मौके पर पहुंचे। उच्च अधिकारियों को सूचना देने के बाद एफएसएल इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया की टीम ने मौके से सबूत एकत्रित किए। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। साथी कर्मचारी धुएं की वजह से दोनों युवकों की मदद नहीं कर पाए। उन्होंने धुआं निकालने के लिए कमरे की खिड़कियां तोड़ दी ताकि धुआं और गैस बाहर निकल सके। सुबह तक दोनों शव कमरे के अंदर थे।

### श्रम आयुक्त ने संज्ञान लिया

डिस्पोजल में रखे कैमिकल में ब्लास्ट होने के मामले की जानकारी मिलने के बाद श्रम आयुक्त ने पब्लिक हेल्थ के एसई आरके शर्मा को पत्र भेजा है। जिसमें मामले की पूरी डिटेल मांगी गई है। इसके अलावा कर्मचारियों का रिकार्ड भी देने के लिए कहा गया है ताकि सरकार की गाइड लाइन के मुताबिक उन्हें मुआवजा देने के लिए प्रक्रिया शुरू की जा सके।

### दस मिनट पहले बाहर आया था राजू

कर्मचारियों ने बताया कि इसी कमरे में राजू भी आराम कर रहा था। वह हादसे से करीब दस मिनट पहले ही बाहर आया था जिसकी वजह से उसकी जान बच गई। साथ ही दूसरे कमरे में रात की ड्यूटी पर आए तीन ऑपरेटर भी सो रहे थे। जिन्होंने इधर उधर भागकर अपनी जान बचाई। वीटा चौक से पीरबोधी डिस्पोजल तक बरसाती नाले की पाइप की सफाई और मरम्मत का काम 2 माह से चल रहा है। पाइप में हुई टूटफूट की मरम्मत के लिए पैराडाक्स केमिकल ठेकेदार की ओर से मंगवाकर डिस्पोजल के कमरे में रखा गया था। कंपनी के सुपरवाइजर का कहना है कि इस कैमिकल के साथ वह 15 से 20 साल से काम कर रहे हैं। कभी ऐसा हादसा नहीं हुआ। साथ ही दोनों कर्मचारी उनके साथ पांच छह साल से काम कर रहे थे। मौके पर पहुंचे धर्मबीर के परिजन अजय सिंह, प्रेमनाथ के भाई बैजनाथ ने बताया कि ठेकेदार ने मजदूरों के रहने के लिए व्यवस्था नहीं की थी। इस वजह से उन्हें केमिकल वाले रूम में सोना पड़ा। उनके लिए बस झोपड़ी बनाई गई थी। गर्मी की वजह से वह इसमें नहीं सो सकते थे। वह एसी कमरे में सोने चले गए। इसकी वजह से यह हादसा हुआ है। उत्तर प्रदेश के रहने वाले धर्मवीर के तीन बच्चे हैं। वह परिवार में अकेले कमाने वाले थे। हेल्थ डिपार्टमेंट के चीफ इंजीनियर प्रदीप पूनिया को रोहतक का दौरा करना है। वह शुक्रवार को रोहतक पहुंच सकते हैं। वह महावर कॉलोनी में बनाए गए डिस्पोजल सिस्टम का दौरा करेंगे। वह पीरबोदी के पास स्थित डिस्पोजल प्लांट का भी दौरा करने पहुंच सकते हैं। एक दिन पहले ही उन्होंने रोहतक में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा वीसी से की थी। वे रोहतक दौरे के दौरान विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

### एक्सईएन और एसडीओ ने मौके का निरीक्षण

ठेकेदार को पौने पांच करोड़ की लागत से डैमेज सीवर लाइन रिपेयर करने का काम मिला हुआ है। इस कैमिकल से सीवर लाइन रिपेयर की जाती है। ठेकेदार के कर्मचारियों के साथ हादसा हुआ है। एक्सईएन और एसडीओ ने मौके का निरीक्षण कर जांच की है। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता किस वजह से ब्लास्ट हुआ है।

**-आरके शर्मा,** एसई पब्लिक हेल्थ

### परिजनों को सौंपे शव

सुबह डायल 112 से सूचना मिली थी। इसके बाद मौके का निरीक्षण किया गया। दोनों युवक कमरे में मृत अवस्था में थे। कैमिकल ब्लास्ट हो चुका था। परिजनों और कर्मचारियों की मौजूदगी में शव बाहर निकाले गए। पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। ब्लास्ट के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

-सन्नी कुमार, इंचार्ज सुखपुरा चौकी

## शहर में आज

- राजीव गांधी खेल परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह 6 बजे से
- जाट एजुकेशन सोसाइटी चुनाव में प्रधान पद के प्रत्याशी परमजीत तहलान सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करेंगे 12 बजे
- पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा
- महर्षि दयानंद विवि के फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर लॉन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम सुबह 6 बजे से
- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में योग दिवस पर कार्यक्रम

## बिजली कट

- सुबह 7 से 10 बजे तक कमला नगर, शीतल नगर, न्यू विजय नगर, विजय नगर, झज्जर चुंगी, शिवाजी कॉलोनी, काठ मंडी, नया पड़ाव, टेक नगर, जनता कॉलोनी, काठ मंडी रामनगर, जागरण पार्क, हक्कित नगर, सोनू की डेयरी, सरस्वती स्कूल, रुपया चौक, इंदर नगर, आरटीओ, सुनारिया गांव, कहनेली गांव, मायना गांव, पहरावर गांव, वाटर वर्क्स, आदि क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

## खबर संक्षेप

### चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने घर से आभूषण चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर हासिल किया गया है। माडौदी रागडान निवासी दीपक ने इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोपित की पहचान अजय उर्फ पांडरी निवासी गांव माडौदी जाटान के रूप में हुई है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आज

**महम।** शुक्रवार दोपहर दो बजे कस्बा महम स्थित सतगुरु कुटिया में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक को भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा संबोधित करेंगे। बैठक की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा करेंगे। मीटिंग के संयोजक भाजपा के वरिष्ठ नेता महंत सतीश दास होंगे। सभी कार्यकर्ताओं से बैठक में पहुंचने की अपील की है।

# जिला स्तरीय कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता 23-24 को होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



लडक़े व लड़कियों की जिला स्तरीय कुश्ती अखाडा प्रतियोगिता, जिला कुमार/कुमारी एवं जिला केसरी दंगल का आयोजन अण्डर-17, जूनियर अंडर-21 व सीनियर श्रेणी में 23 व 24 जून को सर छोटूराम स्टेडियम में होगा। इसके अन्तर्गत 23 जून को ग्रीको रोमन लडक़ों व लड़कियों के सभी ईवेन्ट की प्रतियोगिता आयोजित करवाई जायेगी। इसके लिए खिलाडिय़ों के वजन 23 जून को प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक लिये जायेंगे। 24 जून को फ्री-स्टाइल लडक़ों की प्रतियोगिता आयोजित करवाई जायेगी, जिसके लिए खिलाडिय़ों के वजन 24 जून को प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक लिये जायेंगे। प्रतियोगिता में विभागीय प्रशिक्षकों के कुश्ती केद्रों, निजी कुश्ती प्रशिक्षण केन्द्रों, शिक्षण संस्थाओं तथा कर्मचारी भाग ले सकते हैं।

जिला स्तरीय कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता में लडक़ों की 60 वजनों में कुश्ती करवाई जायेंगी तथा लड़कियों की 30 वजनों में कुश्ती करवाई जायेगी। लडक़ों की अण्डर-17 वर्ष आयुवर्ग फ्री स्टाईल व ग्रीको रोमन - 41 से 45, 48, 51, 55, 60, 65, 71, 80, 92 तथा 110 किलो, अण्डर-21 वर्ष आयुवर्ग फ्री स्टाइल व ग्रीको रोमन- 57, 61, 65, 70, 74, 79, 86, 92, 97 तथा किलो, 21 वर्ष से ऊपर सीनियर आयुवर्ग फ्री स्टाईल में- 57, 61, 65, 70, 74, 79, 86, 92, 97 तथा 125 किलो तथा 21 वर्ष से ऊपर सीनियर आयुवर्ग ग्रीको रोमन में- 55, 60, 63, 67, 72, 77, 82, 87, 97 तथा 130 किलोभार वर्ग में होगी।

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में जिला स्तर पर जिला केसरी के दंगल में 74 किलोग्राम से ऊपर के पहलवान तथा जिला कुमार दंगल में 74 किलोग्राम तक के वजन के पहलवान भाग ले सकते हैं।

# हरियाणा में भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और सह प्रभारी बिप्लब देब 23 को रोहतक में



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक व जिला मीडिया प्रभारी तरुण सन्नी शर्मा। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर फिर एक्टिव हुई हरियाणा भाजपा ने विधानसभा चुनाव प्रभारियों और नवनिर्वाचित सांसदों का नागरिक अभिनंदन कर प्रदेशभर में माहौल बनाने की योजना तैयार की है। विधानसभा चुनाव प्रभारी बनने के बाद 23 जून को पहली बार हरियाणा पहुंच रहे धर्मेंद्र प्रधान, बिप्लब कुमार देब के स्वागत की तैयारी में भाजपा ने ताकत झौंक दी है। 23 को चुनाव प्रभारियों के साथ-साथ नवनिर्वाचित पांचों सांसदों का भी रोहतक में नागरिक अभिनंदन चुनाव के लिए जीत का जोश भरा जाएगा।

पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दावा भी किया कि भाजपा हरियाणा में भी जीत की हैट्रिक लगाकर इतिहास रचेगी। विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी के रूप में धर्मेंद्र प्रधान और सह प्रभारी के रूप में बिप्लब कुमार देब की नियुक्ति हो चुकी है। 23 जून को ही सभी पांचों सांसदों केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के अलावा सांसद नवीन जिंदल और सांसद धर्मबीर सिंह का भी अभिनंदन किया जाएगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सदा झूठ बोलकर और लोगों को धोखे में डालकर राजनीति करती रही है। जबकि भाजपा ने जो कहा वह करके दिखाया है। लोकसभा चुनाव में जनता ने पांच सीटों पर भाजपा पर विश्वास किया और भाजपा को जीत दिलाई। ग्रोवर ने कहा कि जनता का विश्वास प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ है और विधानसभा चुनाव में भाजपा हरियाणा में जीत की हैट्रिक लगाएगी। पत्रकारवार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक, जिला मीडिया प्रभारी तरुण सन्नी शर्मा, पार्षद अमित बंसल, भाजपा नेता ईश्वर सिंह सिंगल और विकास बंसल उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

